दिनांकः 16.10.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव आज जयपुर दौरे पर–उत्तर–पश्चिम रेलवे के 65 स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं का लोकार्पण करेंगे।
- प्रदेशभर में सघन बस जांच अभियान शुरू–जैसलमेर बस दुखान्तिका मामले में मोटर वाहन निरीक्षक तथा सहायक प्रशासनिक अधिकारी निलंबित।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विश्व खाद्य दिवस पर सभी से खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने का संकल्प लेने को कहा।
- आर.ए.एस. 2023 के साक्षात्कार के नतीजे घोषित–पहले तीन स्थानों पर अजमेर के अभ्यर्थियों ने बाज़ी मारी।

000

केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एक दिन के दौरे पर आज जयपुर आ रहे हैं। वे खातीपुरा रेलवे स्टेशन पर जयपुर–अहमदाबाद असारवा ट्रेन में एसी श्रेणी के यात्रियों के लिए लिनेन कंबल कवर की नई व्यवस्था का शुभारंभ करेंगे। साथ ही उत्तर–पश्चिम रेलवे के 65 छोटे और मध्यम स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं का लोकार्पण करेंगे। केन्द्रीय मंत्री कुछ अन्य कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के अलावा अंबाबाड़ी स्थित आदर्श विद्या मंदिर में आत्मनिर्भर भारत अभियान में भी भाग लेंगे।

000

गृहमंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई के एक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। दो दिन के इस सम्मेलन का विषय **''भगोड़ों का प्रत्यर्पण–चुनौती और कार्यनीति''** रखा गया है। सम्मेलन में केन्द्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शामिल होंगे। सम्मेलन में, अपराधियों के ठिकानों का पता लगाने और उन्हें वापस लाने की रणनीति पर चर्चा होगी।

000

राज्य सरकार ने जैसलमेर बस दुखान्तिका मामले में कार्रवाई करते हुए मोटर वाहन निरीक्षक तथा सहायक प्रशासनिक अधिकारी को निलंबित कर दिया है। परिवहन विभाग द्वारा दुर्घटनाग्रस्त बस की प्राथमिक जाँच में सामने आया कि इसका पंजीयन, फिटनेस, बीमा और परमिट वैध था, लेकिन बस बॉडी मानक की पालना नहीं की गई थी। इसके अलावा विभाग ने प्रदेशभर में बसों की सघन जाँच शुरू कर दी हैं। कल अमानक पाई गईं 11 बसों को जब्त किया गया और 18 बसों के चालान काटे गये।
इस बीच, उद्योग राज्य मंत्री के.के. विश्नोई ने कल जोधपुर के महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचकर घायलों उनके परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि अब से एसी बसों में हर सीट पर कांच के पास एक हैमर की व्यवस्था की जाएगी, ताकि आपातकालीन स्थिति में यात्री कांच तोडकर बाहर निकल सकें। वहीं अस्पताल की मोर्चरी में रखे मृतकों की डीएनए सैम्पल की जांच की जा रही है। इनकी रिपोर्ट जल्द ही तैयार की जाएगी।

000

बालोतरा के सिणधरी के पास मेगा हाईवे पर कल देर रात एक सड़क हादसे में चार लोगों की जिंदा जलने से मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति झुलस गया। ये हादसा उस समय हुआ, जब उनकी जीप सामने से आ रहे ट्रेलर से टकरा गई। मृतकों के शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए गये हैं। डीएनए जांच के बाद इन्हें परिजनों को सौंपा जाएगा। सूचना मिलने पर जिला कलेक्टर सुशील कुमार यादव और पुलिस अधीक्षक रमेश दुर्घटनास्थल पर पहुंचे। जिला कलेक्टर ने बताया कि ये सभी लोग बाड़मेर के डाबड़ गांव के रहने वाले थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

…………….

000

खाद्य नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मंत्री सुमित गोदारा ने गिवअप अभियान के प्रति जनजागरुकता बढ़ाने पर ज़ोर दिया है। वे कल भीलवाड़ा जिला कलेक्ट्रेट में विभागीय अधिकारियों के साथ अभियान की समीक्षा बैठक कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र लाभार्थी को गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न समय पर और पारदर्शी रूप से उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

…………….

बैठक के दौरान श्री गोदारा ने उपभोक्ता शिकायत निवारण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की।

000

आज विश्व खाद्य दिवस है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में सभी से खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने का संकल्प लेने को कहा है। साथ ही पोषण स्तर को मजबूत बनाने और भोजन की बर्बादी रोकने की अपील की है, ताकि हर व्यक्ति को पर्याप्त पौष्टिक और सुरक्षित आहार मिल सके।

विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इनके माध्यम से लोगों को पौष्टिक आहार के बारे में जानकरी दी जा रही है। भारतीय डाक विभाग की ओर से जयपुर जीपीओ में समारोह आयोजित किया जाएगा। इस दौरान एक पिक्चर पोस्टकार्ड का विमोचन भी किया जाएगा।

000

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा–2023 के साक्षात्कार का परिणाम जारी कर दिया है। आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि इसमें 2 हजार 166 अभ्यर्थी सफल घोषित किये गये हैं। इनमें से पहले तीन स्थानों पर अजमेर के अभ्यर्थियों ने बाजी मारी है। कुशल चौधरी ने साक्षात्कार में पहला स्थान हासिल किया है। आयोग ने कुल 972 पदों के लिए ये साक्षात्कार इस साल 21 अप्रेल से 14 अक्टूबर के बीच आयोजित किये थे। प्रारंभिक परीक्षा 1 अक्टूबर 2023 और मुख्य परीक्षा का आयोजन 20 और 21 जुलाई 2024 को किया गया था।

000

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की ओर से तीन नई डॉ. अम्बेडकर पीठों की स्थापना की जाएगी। ये पीठें जयपुर राष्ट्रीय विश्वविद्यालय, मुंबई विश्वविद्यालय, और उत्तराखंड के जी.बी. पंत कृषि तथा प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बनाई जाएंगी। इसके लिए मंत्रालय ने डॉ. अम्बेडकर फाउंडेशन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं। इस दौरान, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने विश्वास व्यक्त किया कि ये नई पीठें सामाजिक न्याय, समानता और हाशिए पर पड़े समुदायों के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। साथ ही अनुसंधान, जन जागरूकता और शैक्षणिक संवाद में भी योगदान देंगी।

000

भीलवाड़ा नगर विकास न्यास–यूआईटी की ओर से शहर की 8 आवासीय योजनाओं में 3 हजार से ज्यादा खाली पड़े आवासीय भूखंडों की आज लॉटरी निकाली जाएगी। यूआईटी अध्यक्ष और जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने बताया कि लॉटरी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और ऑनलाइन की गई है।

…………….

000

सीमा सुरक्षा बल की ओर से आज से बीकानेर में गोल्फर्स टूर्नामेंट शुरू हो रहा है। दो दिन के इस टूर्नामेंट में बीएसएफ के सभी मुख्यालयों और फ्रंटियर से लगभग 70 गोल्फर्स भाग ले रहे हैं। कल टूर्नामेंट के समापन पर सर्वश्रेष्ठ गोल्फर्स को मेडल्स और ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा।

000